DoIT.C
Department of Information Technology & Communication, Rajasthan

# राजस्थान सरकार
## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्रमांकःएफ.2(6687)सूप्रौ./संस्था/15/00345/2024 जयपुर, दिनांक 05/02/2024

## कार्यालय आदेश

राजस्थान कम्प्यूटर राज्य एवं अधीनस्थ सेवा नियम, 1992 के नियम 29 (क) के अन्तर्गत गठित विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा राजस्थान कम्प्यूटर राज्य सेवा के पद एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर (उपनिदेशक) की वर्ष 2023–24 की रिक्तियों में श्री दीपक देव हरितवाल, प्रोग्रामर का राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम–17 के अन्तर्गत दिनांक 07.02.2023 से 17 सीसीए की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने के कारण विभागीय पदोन्नति समिति की अभिशंषा अनुसार इनके प्रकरण को सीलबंद लिफाफे में रखा जाकर पद रिक्त रखा गया।

श्री दीपक देव हरितवाल, प्रोग्रामर के विरूद्ध 17 सीसीए की प्रक्रियाधीन कार्यवाही में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के आदेश क्रमांक एफ.1(5)( ) जांच/सा.न्याअ.वि./23/1760 दिनांक 23.10.2023 के द्वारा श्री दीपक देव हरितवाल को मौखिक चेतावनी देते हुए प्रकरण को समाप्त किया गया।

श्री दीपक देव हरितवाल, प्रोग्रामर को पदोन्नति वर्ष 2023–24 में दिनांक 12.09.2023 को उपलब्ध रिक्ति के विरूद्ध वरिष्ठता–सह–योग्यता के आधार पर एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर (उपनिदेशक) की पे–मैट्रिक्स लेवल संख्या–16 पर एतद् द्वारा पदोन्नत किया जाता है। चयन सूची में इनका नाम श्रीमती नितिका जैन के नीचे और श्रीमती मधुलिका अरोड़ा के ऊपर प्रतिस्थापित किया जाता है।

उपर्युक्त पदोन्नत राजसेवक अपने वर्तमान पद को अस्थाई तौर पर क्रमोन्नत मानते हुए कार्यग्रहण कर पदस्थापन आदेश जारी होने तक यथावत कार्य करते रहेंगे। पदोन्नति पर वास्तविक परिलाभ कार्यग्रहण की तिथि से देय होंगें।

उक्त आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

(विवेक कुमार)
विशेषाधिकारी एवं संयुक्त सचिव

प्रतिलिपि : सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1 निजी सचिव, माननीय मंत्री महोदय, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
2 निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, कार्मिक विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3 निजी सचिव, शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
4 वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
5 संबंधित विभागाध्यक्ष......................................................................
6 विशेषाधिकारी एवं संयुक्त सचिव/प्रभारी अधिकारी संस्थापन/कार्यालयाध्यक्ष, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
7 प्रभारी अधिकारी (वेबसाईट), सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
8 संबंधित अधिकारी।
9 निजी/रक्षित पत्रावली।

एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर (उप निदेशक)